हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 12 मई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 हाथियों की तबाही से दहशत में सरगुजा वनमण्डल के आधा दर्जन से अधिक...





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.







## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार के तहत सबाग एवं गैना में शिविर आज

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में जिले में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 मई को जिले के विकासखंड कुसमी एवं वाड्रफनगर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन परिसर सबाग में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत पुंदाग, चुनचुना, सबाग, नवाडीहखुर्द, गदामी, कुदाग, जलजली, बादा, डूमरखोली, तथा विकासखण्ड वाड्रफनगर के हाई स्कूल गैना में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत रघुनाथनगर, बभनी, चरचरी, शंकरपुर, नवगई, सोनहत, रमेशपुर, केसारी, सरना, गैना, बेतो, कमलपुर, करमडीहा क, लंगडी, भरूहीबांस शामिल होंगे। शिविर में आमजन अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे, जिनके त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण की कार्रवाई की जाएगी।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 15 से

**वाड्रफनगर।** शासकीय कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जानकारी देते हुए गया गया कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय वाड्रफनगर में कक्षा 6वीं में सत्र-2026-2027 में प्रवेश हेतु 15 से 31 मई तक फार्म वितरण किया जाएगा जबकि फार्म जमा करने की तिथि 1 से 10 जून तक तक निर्धारित की गई है। शाला प्रवेश हेतु प्राथमिकता शाला अप्रवेशी/शाला त्यागी बालिकाओं को दी जाएगी। इसके साथ ही ऐसी बालिकाएं जिनकी उम्र अन्य बलिकाओं से अधिक हो। पालक/अभिभावक नही होने के कारण पढाई से वंचित, विशेष आवश्यकता वाली (निःशक्त) बालिकाएं, 5 किमी से अधिक की दूरी, कठिन भौगोलिक परिस्थिति एवं नक्सल की बालिकाएं, आर्थिक अथवा किसी अन्य कारणों से आगे की पढ़ाई से वंचित होने का सम्भावना वाली बच्चियों को प्राथमिता दी जाएगी।

### कार में तोड़ फोड़ कर ले उड़े 50 हजार से भरा पर्स

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम भुनेश्वरपुर निवासी कान्ति पात्रे पति रामकुमार पात्रे (38 वर्ष) 10 मई की रात ग्राम भुनेश्वरपुर निवासी ओम प्रकाश प्रजापति के विवाह पार्टी में शामिल होने कार क्रमांक सीजी 29 एएच 4133 से परिवार के साथ शामिल होने आए थे। कार को गांव के ही अमर साय के घर के सामने नल के समीप खड़ा कर पार्टी में चले गए। कुछ समय बाद जब कान्ती बाहर निकली तो देखा दरोगा राम प्रजापति, कालिका प्रसाद कुशवाहा, भोलाराम कुशवाहा एवं पीन्टू कुशवाहा द्वारा राड से तोड फोड कर रहे थे। जिसे देख कर हल्ला किया तो दरोगा प्रजापति गाडी पिछे का डेक्स बोर्ड मे रखा मेरा पर्स लेकर भाग गया जिसमे 50 हजार रूपए नगद था। महिला के मुताबिक आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर कार में तोड़ फोड़ की और रूपए रखे पर्स को चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### नजूल भूमि पर किया गया था निर्माण, भारी संख्या में पुलिस बल को किया गया था तैनात

# कामोदा रिसॉर्ट के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर हटाया गया 45 डिसमिल से अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सोमवार को प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीम ने फुंदुरडिहारी में अवैध अतिक्रमण को पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान कामोदा रिसॉर्ट से लगे 45 डिसमिल भूमि के साथ ही एक अन्य व्यक्ति डकार किए गए अतिक्रमण को कब्जा मुक्त किया गया। कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। इस दौरान होटल संचालक व भूमि स्वामी ने कार्रवाई को गलत ठहराया है।

बता दें कि शहर से लगे फुंदुरडिहारी क्षेत्र में स्थित कामोदा रिसॉर्ट में अवैध अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद तहसीलदार न्यायालय में मामले की जांच चली और सुनवाई के बाद राजस्व भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने का आदेश सितंबर 2025 में जारी किया गया था। अवैध अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी होने के बाद भी संचालक द्वारा किसी प्रकार का स्थगन आदेश नहीं लिया गया था जिसके बाद होटल संचालक को अंतिम नोटिस जारी कर जमीन से कब्जा खाली करने का निर्देश दिया गया था। निर्देश के बाद भी कब्जा खाली नहीं किए जाने पर टीम 9 मई को कार्रवाई करने पहुंची थी। इस दौरान होटल संचालक ने कार्रवाई का विरोध करते हुए दस्तावेज पेश करने के लिए दो दिन का समय मांगा था। काफी प्रयासों के बाद राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई को स्थगित कर दिया था और भूमि पर सीमांकन का कार्य किया जा रहा था ताकि शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण की सटीक जानकारी निकाली जा सके। दो दिन का समय दिए जाने के बाद सोमवार की अल सुबह राजस्व व प्रशासनिक टीम एक बार


▶▶ शेष पेज 4 पर






कमोदा बिहार परिसर में कार्रवाई करते अधिकारी।

#### हटाया गया है अतिक्रमण

शासकीय भूमि पर किए अतिक्रमण को लेकर पूर्व में ही तहसीलदार न्यायालय में सुनवाई हो चुकी थी। सीमांकन के बाद लगभग 45 डिसमिल जमीन पर कब्जा निकला। राजस्व भूमि पर निर्माण किया गया था। सितम्बर 2025 में ही बेदखली का नोटिस जारी किया जा चुका था। हमने कार्रवाई कर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया है।

-**बन सिंह नेताम**, एसडीएम

#### मकान पर भी चला बुलडोजर

कामोदा रिसॉर्ट के साथ ही मौके पर मौजूद एक अन्य शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। रिसॉर्ट से लगे संतोष यादव के आठ कमरों के मकान पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई का भी भूमि स्वामी ने विरोध किया। भूमि स्वामी संतोष यादव के रिश्तेदार अभिषेक यादव ने बताया कि यह उनके पट्टे की जमीन थी और उन्हें पूर्व में किसी प्रकार का नोटिस भी नहीं दिया गया था। कार्रवाई की सूचना पर जब वे मौके पर पहुंचे तो दस्तावेज मांगे गए। वे दस्तावेज लेकर घर से लौटे तो कार्रवाई हो चुकी थी। दस्तावेज दिखाने पर अधिकारी उन्हें कार्यालय आकर बात करने को बोल रहे है। इधर अधिकारियों का कहना है कि उक्त भूमि पर भी अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया था। अब शासकीय जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ ही शासकीय योजना के लिए आरक्षित किया जाएगा।

### कार्रवाई के विरोध में नगरवासियों और कांग्रेस ने दिया धरना, सुनवाई का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन स्थगित

# मैनपाट के रोपाखार बाजारडांड में 64 लोगों को बेदखली का नोटिस, 2 हेक्टेयर पर कब्जा



ज्ञापन सौंपते पूर्व मंत्री व अन्य।

**अंबिकापुर।** सरगुजा में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने मुहिम छेड़ दी है। प्रशासन ने प्रमुख पर्यटन स्थल मैनपाट के कमलेश्वरपुर के रोपाखार में किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बेदखली का नोटिस जारी किया है। रोपाखार क्षेत्र में लगभग दो हेक्टेयर छोटे व बड़े झाड़ के जंगल की जमीन पर कब्जा किया गया है। इधर इस कार्रवाई के बाद कब्जा धारियों और नगरवासियों में हड़कंप मच गया है। सोमवार को कार्रवाई के विरोध में नगरवासियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया। इस आंदोलन को कांग्रेस व पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का समर्थन मिला। हालांकि दोनों पक्षों के बीच हुई चर्चा और सुनवाई का मौका दिए जाने का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है लेकिन अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

बताया जा रहा है कि जिला प्रशासन द्वारा मैनपाट के कमलेश्वरपुर रोपाखार बाजार डांड में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण के खिलाफ बेदखली का नोटिस जारी किया गया है। प्रशासन के अनुसार रोपाखार में छोटे व बड़े झाड़ के जंगल की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान व दुकान का निर्माण कराया गया है। लोगों से 2 से 5 डिसमिल भूमि पर कब्जा कर मकान दुकान का निर्माण


▶▶ शेष पेज 4 पर


#### बिना पक्ष सुने कार्रवाई के खिलाफ : अमरजीत

अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जारी किए गए बेदखली के नोटिस के मामले में कांग्रेस धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने बताया कि मकान-दुकान तोड़ने का नोटिस मिलने के बाद नगरवासियों ने ज्ञापन दिया था कि कार्रवाई नहीं रुकी तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अब प्रशासन से चर्चा के बाद सहानुभूतिपूर्वक करवाई करने का आश्वासन मिला जिसके बाद नगर वासियों ने आन्दोलन स्थगित करने का निर्णय लिया और हम उनके निर्णय का समर्थन करते है। भविष्य में जब भी हमारी जरुरत पड़ेगी और प्रशासन जबरन कार्रवाई करेगा तो हम पार्टी के निर्णय के तहत विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि अब नगरवासियों को अपना कब्जा और पट्टा दिखाना है कि उन्होंने पीएम आवास, इन्द्रा आवास के तहत निर्माण कराया है या अवैध रूप से कब्जा है। हम बिना पक्ष सुने कार्रवाई के खिलाफ है, नियमानुसार कार्रवाई के खिलाफ नहीं है।

#### होगी नियमानुसार कार्रवाई

कमलेश्वरपुर रोपाखार में 64 लोगों को नवम्बर दिसम्बर में ही बेदखली का नोटिस जारी हो चुका है। छोटे व बड़े झाड़ के जंगल की लगभग 2 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा किया गया है। 2 से 5 डिसमिल भूमि पर मकान दुकान बनाने के साथ ही पीछे 60-70 डिसमिल भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है। नगरवासियों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-**उमेश्वर सिंह बाज**, तहसीलदार

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

■ शादी कार्यक्रम में शामिल होकर रात में घर लौट रहे थे बाइक सवार

शादी कार्यक्रम में शामिल होकर रात में घर लौट रहे बाइक सवार को लमगांव खालपारा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घायल दूसरे युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सिलसिला निवासी विकास टोप्पो आ. राजेन्द्र टोप्पो (17 वर्ष) 10 मई की शाम गांव के ही बिकेश एक्का के साथ उसके बाइक से शादी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम लमगांव गए थे। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात विकास व बिकेश बाइक से रात लगभग 9 बजे वापस घर आ रहे थे और जैसे ही लमगांव खालपारा के समीप मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना को देख गांव के ही पंकज पटेल नामक व्यक्ति ने विकास टोप्पो के पिता को फोन से एक्सीडेंट हो जाने की सूचना दी। घटना की जानकारी लगते ही परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे तो देखा बिकेश मृत हालत में पड़ा था जबकि विकास की हालत गंभीर थी। । इधर घटना की जानकारी लगने पर रघुनाथपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। देर रात ही परिजन घायल युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात लगभग 2 बजे उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। वहीं घटना के बाद रघुनाथपुर पुलिस बाइक सवार को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

#### अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरने से गंभीर युवक की गई जान

मेहमानी कर बाइक से घर लौट रहा युवक रास्ते में अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कांसाबेल अंतर्गत ग्राम माही टोली ढोढ़ी बहार निवासी अनिमेश राम आ. रमेश राम (18 वर्ष) 9 मई को बाइक से ग्राम तमता रिश्तेदार के यहां मेहमानी करने गया था। युवक दूसरे दिन ग्राम तमता से वापस घर आ रहा था और जैसे ही ग्राम फरकरो मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहा चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

#### स्कॉर्पियो की टक्कर से गंभीर भृत्य की गई जान

सूरजपुर से घर प्रतापगढ़ जा रहे बाइक सवार भृत्य को काली घाट के समीप स्कॉर्पियो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर भृत्य की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम प्रतापगढ़ दर्रीपारा निवासी अजय कुमार चौहान आ. स्व. मदन मोहन राम चौहान (29 वर्ष) सूरजपुर नागरिक आपूर्ति निगम में भृत्य के पद पर पदस्थ था और सूरजपुर में ही रहता था। 10 मई को सूरजपुर से घर जाने के लिए बाइक से निकला था। जैसे ही बाइक सवार कालीघाट मंदिर के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 सीवाई 2344 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार भृत्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान भृत्य की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ मूलभूत आवश्यकताएं होंगी पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

■ श्रीमती रेना जमील ने 11वे कलेक्टर के रूप में संभाला पदभार, किया निरीक्षण, पत्रकारों से चर्चा में दी जानकारी

सूरजपुर जिले में श्रीमती रेना जमील ने 11 कलेक्टर के रूप में सोमवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ कलेक्टर एक्शन मोड में नजर आई। उन्होंने संयुक्त कलेक्टर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करने के साथ ही अधिकारी कर्मचारियों को समय पर कार्य का निष्पादन करने के साथ ही फाइलों का त्वरित निपटान करने और जनसुनवाई में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारों से चर्चा कर जिले में चल रहे कार्यों और अपनी प्राथमिकताओं की जानकारी दी। कलेक्टर श्रीमती जमील ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क तथा जनकेन्द्रित अन्य मूलभूत आवश्यकताएं उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित हैं।



जिले के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा बुनियादी सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हों, इस दिशा में जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। इसके साथ ही उन्होंने सुशासन तिहार 2026, जनगणना 2027 तको लेकर जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिले में आयोजित किए जा रहे शिविरों तथा क्षेत्रवासियों से प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इसके साथ ही आम नागरिकों को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गयी कार्ययोजनाओं से भी पत्रकार बंधुओं को अवगत कराया गया। पत्रकार वार्ता में जनगणना 2027 की अद्यतन स्थिति के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में अवगत कराया गया कि सूरजपुर जिले में कुल 1505 प्रगणक (रिजर्व सहित) तथा 269 पर्यवेक्षक (रिजर्व सहित) नियुक्त किए गए हैं। जिले में निर्धारित कुल 1433 जनगणना ब्लॉकों में से अब तक 246 जनगणना ब्लॉकों में गणना कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष ब्लॉकों में कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को जारी किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### कमलपुर धान खरीदी केंद्र से 11 बोरी धान चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के कमलपुर धान खरीदी केंद्र से दो दिवस पूर्व हुए 11 बोरी धान चोरी मामले में शामिल तीन आरोपियों में से एक आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है जबकि दो आरोपी अभी फरार बताए गए हैं,पुलिस ने बताया कि कमलपुर समिति से दो दिवस पूर्व मध्यरात्रि में तीन युवकों ने 11 बोरी धान को पार कर दिया था।समिति प्रबंधक राजेश सिंह की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) का अपराध दर्ज कर पुलिस आरोपियों की पता तलाश में जुटी थी।इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस ने एक आरोपी युवक सूरज बाला पिता गोविंद बाला 22 वर्ष को धान विक्रय के लिए ले जाते समय पकड़ा,पूछताछ में उसने धान खरीदी केंद्र से अन्य साथी दो युवकों के साथ मिलकर ग्यारह बोरी धान चोरी की बात स्वीकार लिया, मामले में बताया कि वे धान की बोरियों को बाइक में लोड कर ले गए थे।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 बोरी धान जप्त कर आरोपित को आज सोमवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है,पुलिस वारदात में शामिल फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक ने मां पर शीलबट्टा पत्थर से किया हमला, हुई मौत

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गजाधरपुर चेरवापारा निवासी 45 वर्षीय फलेन बाई पति स्व.ईश्वर प्रसाद चेरवा का पुत्र 25 वर्षीय दिगंबर ने अपनी नशे की लत को पूरा करने घर में बिना बिना बताये छड़ बेच दिया था,जिस पर रविवार को मां ने उसको डांट फटकार की, इस बात से नाराज होकर आरोपी पुत्र दिगंबर ने घर में रखे शीलबट्टा से हमला कर बुजुर्ग माँ को गंभीर रूप से घायल कर दिया,इसके पश्चात परिजन द्वारा घायल बेवा महिला को उपचार हेतु अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई है। बताया गया कि आरोपी युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है और नशा सेवन करने का आदि है, मामले में पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है।

### जंगल में जुआ खेल रहे 5 जुआड़ियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** कुदरगढ़ जंगल में हार जीत का दाव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी कुदरगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि कुदरगढ़ जंगल में में बड़ी संख्या में आसपास के लोग एकत्र होकर हार जीत का दांव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे सावांरावा निवासी रामस्वरूप सिह आ.रामदेव (41 वर्ष), राजेश सिंह आ.नवल सिहं (22 वर्ष), ग्राम इंदरपुर निवासी कन्हैया यादव आ. शिव सम्पत यादव (27 वर्ष), ग्राम सुंदरपुर निवासी रामविलास आ.भागीरथी चेरवा (36 वर्ष) व कुदरगढ़ निवासी अंगद कुमार आ. लाल साय देवागन (29 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित 22 हजार 800 रूपये जब्त किया।

## निधन

### उर्मिला सेठी



**अम्बिकापुर।** शिवधारी कॉलोनी निवासी श्रीमती उर्मिला सेठी पति विनोद सेठी का सोमवार को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 8 बजे प्रतापपुर रोड धोबीनाला स्थित पंजाबी श्मशान घाट में किया जाएगा।

ग्राम भाला व विजयनगर में 5 करोड़ की लागत से कराया जा रहा निर्माण

# कंक्रीट नहर निर्माण में गुणवत्ता का नहीं दिया गया ध्यान, कई जगहों पर आई दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**

- किसानों ने की निर्माण की जांच व गुणवत्ता युक्त निर्माण कराने की मांग

किसानों को खेती किसानी के लिए पर्याप्ता पानी उपलब्ध हो इसे ध्यान में रखकर ग्राम भाला व विजय नगर में कंक्रीट नहर निर्माण कराया जा रहा है। नजर निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों को पानी की सुविधा उपलब्ध हो जाने की आस जगी लेकिन घटिया निर्माण ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों ने निर्माणाधीन कंक्रीट नहर निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने तथा गुणवत्तापूर्ण नहर निर्माण कराने की मांग की है।

जल संसाधन विभाग द्वारा भाला गिरवानी नहर परियोजना अंतर्गत करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से कंक्रीट नहर का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना से भाला और विजयनगर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर अब गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। परियोजना की शुरुआत से ही स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने निर्माण कार्य में अनियमितताओं को लेकर आवाज उठाई थी। उनका आरोप है कि निर्माण के दौरान ही नहर के कई हिस्सों में क्षति दिखाई देने लगी थी, जिससे गुणवत्ता पर संदेह पैदा हुआ। पानी छोड़े जाने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो गई, जब नहर में जगह-जगह दरारें और टूट-फूट सामने आई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंक्रीट नहर निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। विशेष रूप से कंक्रीट की सही तरीके से पटाई क्योरिंग नहीं की जा रही, जिससे संरचना कमजोर हो रही है। साथ ही निर्माण में उपयोग हो रहे सामग्री भी काफी घटिया है जिससे जिस तरह से मजबूती मिलना चाहिए उस तक की मजबूती दिखाई नहीं दे रही है। ग्रामीणों और किसानों ने मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजना का लाभ सही रूप से किसानों तक पहुंच सके।



निर्माणाधीन नहर।

#### शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

क्षेत्र के किसान श्रणव सोनी, इफ्तेखार खान, विनीत गुप्ता और रामकुमार धुर्वे का कहना है कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायतें की है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। किसानों के अनुसार अधिकारी केवल औपचारिकता निभा रहे हैं और समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

#### गुणवत्ता हो रही प्रभावित

ग्रामीणों का कहना है कि कंक्रीट नहर निर्माण की निगरानी नहीं होने से मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक विभाग के इंजीनियर नियमित रूप से स्थल का निरीक्षण नहीं करते और न ही ठेकेदार के तकनीकी कर्मचारी भी अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। ऐसे में कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

#### तोड़वा कर कराएंगे दोबारा निर्माण

कंक्रीट नहर निर्माण में जिन स्थानों पर दरारें आई है उसे तुड़वाकर दोबारा निर्माण कराया जाएगा। संबंधित ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दे दिए गए है और कार्य में सुधार सुनिश्चित किया जाएगा।

**-आशीष भगत**, एसडीओ जल संधाधन विभाग

## राजस्व एवं खनिज विभाग ने रेत लोड दो वाहनों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्षेत्र की महान नदी से धंधापुर, परसवार, गोपालपुर, नरसिंहपुर, चिलमा सहित दर्जनों रेत घाटों में अवैध उत्खनन एवं परिवहन का खेल लगातार जारी है। रेत तस्करों द्वारा दिन-रात ट्रैक्टरों एवं अन्य वाहनों के माध्यम से खुलेआम रेत परिवहन किया जा रहा है। इस मामले को लेकर समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद राजस्व एवं खनिज विभाग हरकत में आया और धंधापुर और परसवार से रेत लोड दो वाहनों को जब्त कर बारियों चौकी में खड़ा कर दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब क्षेत्र में दर्जनों घाटों से प्रतिदिन सैकड़ों घन मीटर रेत का अवैध परिवहन हो रहा है, तब सिर्फ दो वाहनों पर कार्रवाई करना प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों का आरोप है कि महान नदी के कई घाटों पर रात के अंधेरे से लेकर दिनभर ट्रैक्टरों की आवाजाही बनी रहती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी मौके पर नजर नहीं आते जिससे रेत कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त सभी घाटों पर संयुक्त अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि शासन को हो रहे राजस्व नुकसान पर रोक लग सके और नदी पर्यावरण को बचाया जा सके।

# नपं शिवनंदनपुर में 15 मतदान केंद्रों के 4642 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की कार्रवाई 11 मई से प्रारंभ कर दी गई है, जो 4 जून तक चलेगी। मतदान 1 जून को संपन्न होगी, जबकि सारणीकरण एवं परिणामों की घोषणा 4 जून को की जाएगी। नगर पंचायत शिवनंदनपुर अंतर्गत आगामी निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन हेतु रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती शिवानी जायसवाल द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियमावली के नियम 16 के अंतर्गत समस्त 15 वार्डों के मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 15 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से 4,642 निर्वाचक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यहां पर वार्ड क्रमांक 1 महावीर वार्ड अंतर्गत 417 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला (कन्या) शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 2 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 259 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला बालक शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 3 अग्रसेन वार्ड के 235 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला बालक शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 4 बीरसा मुण्डा वार्ड में सर्वाधिक 443 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला (बालक) शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 5 महाराणा प्रताप वार्ड के 287 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र नगर पंचायत परिसर शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 6 शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड के 244 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र भाथूपारा 1, वार्ड क्रमांक 7 डॉ. अब्दुल कलाम वार्ड के 397 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र भाथूपारा 2 शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 8 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के 233 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र सामुदायिक भवन शांतिनगर, वार्ड क्रमांक 9 स्वामी विवेकानन्द वार्ड के 288 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर, वार्ड क्रमांक 10 शहीद भगत सिंह वार्ड के 273 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर, वार्ड क्रमांक 11 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में सबसे कम 212 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर, वार्ड क्रमांक 12 गुरु घासीदास वार्ड के 226 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र शांतिनगर 1 शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 13 डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड के 412 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र तालाबपारा 1 शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 14 पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के 396 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर तथा वार्ड क्रमांक 15 गुरु नानक वार्ड के 320 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के कक्ष क्रमांक 31 में स्थापित किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर नगर पंचायत शिवनंदनपुर श्रीमती शिवानी जायसवाल ने मतदाताओं से अपील की है कि वे प्रकाशित सूची का अवलोकन कर अपने वार्ड एवं मतदान केंद्र की जानकारी समय रहते प्राप्त कर लें, ताकि निर्वाचन के दिन उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े,ज्ञात हो कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 11 मई सोमवार से नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई, जो 18 मई तक चलेगी। प्रत्याशी प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना व जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे,इसके बाद 19 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 21 मई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे,इसी दिन अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर चुनाव चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा,यहां पर आज सोमवार को पहले दिन पार्षद पद हेतु दो नामांकन अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए हैं।




## बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को शत प्रतिशत लागू करने के निर्देश

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल मुख्यालय द्वारा अपने सभी क्षेत्रों, यूनिटों और मुख्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी प्रबंधन ने अब बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को शत प्रतिशत लागू करने के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय कर दी है। जारी निर्देश के अनुसार अब कर्मचारियों का वेतन केवल बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के सैप इंटीग्रेटेड मोड के माध्यम से ही तैयार किया जाएगा। यानी कर्मचारियों की उपस्थिति, डाटा और वेतन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल निगरानी के दायरे में रहेगी,आदेश में कहा गया है कि यूनिट, प्रोजेक्ट, सब एरिया और विभाग स्तर पर जिन अधिकारियों को कर्मचारियों की उपस्थिति स्वीकृत करने का अधिकार है, वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए सीधे जिम्मेदार होंगे। साथ ही नए कर्मचारियों के ज्वाइन करते ही उनकी समय पर बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करना भी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। प्रबंधन ने व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एरिया मुख्यालय और यूनिट स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। एरिया स्तर पर एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा, जो पूरे क्षेत्र में बायोमेट्रिक सिस्टम की निगरानी, समन्वय और रिपोर्टिंग करेगा। वहीं प्रत्येक यूनिट और सब एरिया में अलग से नोडल अधिकारी तैनात किए जाएंगे, जो मशीनों की नियमित जांच, तकनीकी खराबियों की रिपोर्टिंग और कर्मचारियों के डाटा अपडेट जैसे कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे। निर्देश में यह भी कहा गया है कि सभी बायोमेट्रिक मशीनों का हर महीने निरीक्षण अनिवार्य होगा। मशीन खराब होने की स्थिति में तत्काल विभाग और संबंधित एजेंसी को सूचना देकर त्वरित सुधार सुनिश्चित करना होगा। कंपनी ने बायोमेट्रिक सिस्टम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी यूनिट या कार्यालय में संदिग्ध गतिविधि या उपस्थिति संबंधी अनियमितता पाई जाती है, तो इसकी जानकारी तत्काल एरिया नोडल अधिकारी और बिलासपुर मुख्यालय को देनी होगी।कोल मुख्यालय प्रबंधन ने सभी एजीएम, जीएम और विभागाध्यक्षों से 20 मई तक नियुक्त नोडल अधिकारियों की जानकारी मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिए हैं।



















## नाम परिवर्तन सूचना

मैं मो. नसीम आलम आ. जावेद हुसैन, उम्र लगभग 39 वर्ष, निवासी- नवागढ़ अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं. 94945249867 जारी किया गया है जिसमें मेरी पुत्री अक्शा परवीन (Aksa Parveen) के ऑन लाईन में त्रुटिवश महजबीन प्रवीण अंकित है। जबकि मेरी पुत्री के अंक सूची में नाम अक्शा परवीन अंकित है। जो सत्य व सही है। इस प्रकार आधार कार्ड में अंकित नाम महजबीन प्रवीण के स्थान पर अक्शा परवीन (Aksa Parveen) अंकित किया जाये।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
मो. नसीम आलम
आ. जावेद हुसैन
निवासी-नवागढ़ अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)


















# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं....



























## खबर संक्षेप

### अग्रसेन स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण शिविर का किया गया शुभारंभ

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अग्रसेन स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में फुटबॉल संघ के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल, वॉलीबॉल संघ के सचिव राम श्रृंगार यादव, फुटबॉल कोच रामबहादुर लामा , जनप्रतिनिधि, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर व अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में खेल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को खेल से जीवन में होने वाले लाभ व शारीरिक व मानसिक, स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। प्रतिभागी अपना रजिस्टर फॉर्म प्रशिक्षक के पास जमा करवाया गया।

## पेज 1 के शेष...

### कामोदा रिसॉर्ट के अतिक्रमण पर चला...

फिर से दलबल के साथ कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची जिसके बाद हड़कंप मच गया। उक्त शासकीय भूमि कर दीवार खड़ी करने के साथ ही शेड का निर्माण किया गया था। प्रशासन द्वारा होटल संचालक को सामान खाली करने का मौका देने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान विरोध को देखते हुए इस बार सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। कार्रवाई के दौरान होटल संचालक व परिवार के सदस्यों ने अधिकारियों को समझाने का प्रयास करने के साथ ही मोहलत मांगी लेकिन पूर्व में दिए गए समय के बाद प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर शासकीय भूमि पर किए गए लगभग 45 डिसमिल नजूल भूमि के अतिक्रमण को हटाया गया। लगभग चार घंटे की कार्रवाई के बाद भूमि को कब्जा मुक्त कराने के साथ ही मलबा हटाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया।

### मैनपाट के रोपाखार बाजारडांड में 64 लोगों...

करने के साथ ही पीछे 60 से 70 डिसमिल भूमि को घेरकर कब्जा किया गया है। तहसीलदार न्यायालय में अतिक्रमण के खिलाफ सुनवाई हुई थी और सुनवाई के बाद नम्वबर-दिसम्बर में ही बेदखली का नोटिस जारी किया गया था। रोपाखार में लगभग 64 लोगों को नोटिस जारी हुआ है जिनके द्वारा 2 हेक्टेयर से भी अधिक भूमि पर कब्जा किया गया था। तहसीलदार उमेश बाज द्वारा एक बार फिर से अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया था जिसके बाद हड़कंप मच गया था। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारियों और कब्जाधारियों ने कार्रवाई नहीं रुकने पर 11 मई को बाजारडांड की मुख्य सड़क पर चक्का जाम व धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इस आंदोलन को कांग्रेस व पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का समर्थन मिला था। सोमवार को इसी कड़ी में नगरवासियों और कांग्रेस ने पूर्व मंत्री श्री भगत के नेतृत्व में रैली निकाली और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस व जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और समझाइश देने का प्रयास किया। इस दौरान भविष्य में सुवनाई का आश्वासन देने पर प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपकर धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

## एक सप्ताह से कल्याणपुर जंगल में मौजूद हैं 6 हाथी

# हाथियों की तबाही से दहशत में सरगुजा वनमण्डल के आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कल्याणपुर जंगल में पिछले एक सप्ताह से भ्रमण कर रहे 6 हाथियों के तबाही से आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग भारी दहशत में के बीच जीवन गुजार रहे हैं। हाथी दिन में बस्ती एवं मुख्य मार्ग पर पहुंच जा रहे हैं तथा लगातार रबी एवं सब्जियों की फसल को तबाह कर रहे हैं। हाथियों के भय से ग्रामीण अपने खेतों में भी नहीं जा रहे हैं।

**खास बात**
- गन्ना एवं सब्जियों की फसल को कर रहे तबाह

लगातार एक पखवाड़े तक क्षेत्र में भारी तबाही मचाने के बाद हाथियों का दल अन्यत्र चला गया था तथा 20 दिनों तक इधर-उधर भ्रमण करने के बाद एक सप्ताह पूर्व ही दल वापस लौटा है। पूर्व में दल में चार हाथी थे जबकि वापस लौटने के बाद हाथियों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। हाथियों के आक्रमक स्वभाव को देखते हुए वन अमला भी सतर्कता निगरानी करने के साथ ही मुनादी करा ग्रामीणों को भी सतर्क कर रहा है। हाथी कभी दल से विभक्त होकर अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच जा रहे हैं जिससे खतरा बढ़ गया है। हाथियों का दल कभी संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर से सटे कुल्हाड़ी एवं सकालो जंगल में पहुंच जा रहा है तो कभी मुख्य मार्ग को पार कर हाथी कल्याणपुर जंगल से सटे घाघीटिकरा सिंचाई बांध में शाम पांच बजते ही हाथी जंगल के बाहर निकल कर मुख्य मार्ग पर पहुंच जा रहे हैं। कभी सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत कल्याणपुर जंगल एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं तो वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर अंतर्गत सकालो एवं कुल्हाड़ी जंगल में। शहर के निकट होने के कारण वनपरिक्षेत्र अम्बिकापुर के वनकर्मी काफी सतर्कता बरत रहे हैं, लेकिन कल्याणपुर क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों की निगरानी ठीक ढंग से नहीं होने के कारण कभी भी खतरनाक स्थिति निर्मित होने खतरा बढ़ गया है। ग्राम पंचायत कल्याणपुर सहित आसपास के गांवों के किसान बड़े पैमाने पर गन्ना एवं सब्जियों की खेती करते हैं। पंसदीदा भोजन उपलब्ध होने के कारण दिन में ही हाथी बस्ती में पहुंच जा रहे हैं तथा फसलों को लगातार तबाह करने के साथ ही ट्यूबवेल, पाइप एवं ड्रिप सिस्टम को तोड़कर नष्ट कर रहे हैं। हाथियों के दिन में बस्ती के निकट खेतों में दस्तक देने से भयभीत ग्रामीण अपने खेतों में भी जाने की हिम्मत नहीं जुटा रहे हैं जिससे खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।



अम्बिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर हाथियों का दल।

### पहुंच जा रहे मुख्य मार्ग पर

हाथियों का दल पिछले चार दिनों से शाम 4 से 5 बजे के मध्य जंगल से निकलकर अम्बिकापुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर पहुंच रहा है। प्रतापपुर जाने का छोटा मार्ग होने के कारण सड़क पर यातायात का भारी दबाव रहता है। इस दौरान हमेशा खतरा होने का डर बना रहता है। गनीमत है कि अभी तक मार्ग पर कोई दुर्घटना नहीं हुई है। हाथियों को देखते ही यात्री अपनी वाहनों को रोक देते हैं। सड़क पर यात्रियों की हलचल देख काफी देर तक हाथी सड़क पर ही घूमते रहते हैं। इस दौरान कई बाइक सवार हाथियों की वीडियो भी बनाते हैं। इस दौरान हमेशा हथियों द्वारा हमला करने का खतरा बना रहता है। ऐसी चुनौतिपूर्ण स्थित में वन अमले की अनुपस्थिति घातक साबित हो सकती है।

### हाथी 3 ग्रामीणों की ले चुके हैं जान

हाथियों का दल 20 दिनों पूर्व ग्राम पंचायत कल्याणपुर के तीन ग्रामीणों की जान ले चुका है। दो दिन के भीतर हुई तीन मौतों के सदमें से अभी ग्रमीण उबरे भी नहीं हैं कि हाथियों ने दुबारा दस्तक देकर उनके लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। हाथियों ने ग्राम पंचायत कल्याणपुर अंतर्गत कोलतापारा, फलोरिया दोहर, कोटबहरा, घाघीटिकरा एवं वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़िपा, कुल्हाड़ी एवं सकालो में लगातार गेहूं, मक्का, मुंगफली, गन्ना, मिर्चा, खीरा, लौकी सहित अन्य फसलों को तबाह कर रहे हैं। प्रभावित किसानों का कहना है कि हाथियों द्वारा ट्यूबवेल, पाइप लाइन, ड्रिप सिस्टम एवं फसलों को नष्ट करने से लाखों की आर्थिक क्षति हुई है।

### लगातार की जा रही निगरानी

विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है साथ ही मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को भी सतर्क किया जा रहा है। वन अमला फसल क्षति का आंकलन कर रहा है।

-अभिषेक जोगावत
डीएफओ, सरगुजा

# जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी सचिव पर नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी




जिले के जनपद पंचायत ओड़गी के तहत आने वाली ग्राम पंचायत खैरा में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हो चुकी हैं। हैरानी की बात यह है कि पंचायत सचिव सियाराम वैश्य पर आर्थिक अनियमितता के ठोस प्रमाण मिलने और जांच समिति की मुहर लगने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई और प्रशासन ने मौन है।

- ग्राम पंचायत खैरा में 2 .93 लाख रूपए गबन का मामला

ग्रामीणों ने सचिव द्वारा गबन किए जाने की शिकायत की थी। शिकायत के बाद जांच के लिए जिला पंचायत द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम ने अपनी जांच में चौंकाने वाले खुलासे किए थे, वित्तीय वर्ष 2024 -25 की कैश बुक तक संधारित नहीं की गई, वहीं सामग्री खरीदी के नाम पर 2,93,668 रूपए की भारी वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई। इसके बावजूद अधिकारी दोषी सचिव पर पिछले दो साल से मेहरबान है। सचिव का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विरुद्ध पाया गया। जब जाँच रिपोर्ट में गबन साफ है, तो फिर की फाइल पर ब्रेक किसने लगाया यह बड़ा सवाल है। इस पूरे प्रकरण में जनपद पंचायत ओड़गी पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नियमित पंचायतों की निगरानी की जिम्मेदारी जनपद की होती है, लेकिन इतने बड़े वित्तीय खेल की भनक न लगना या जानकारी होने पर भी चुप्पी साधे रखना समझ से परे है। ग्रामीणों ने 5 सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिससे दोषी सचिव के खिलाफ तत्काल आपराधिक मामला दर्ज किए जाने, .गबन की गई 2.93 लाख रुपए की राशि भू-राजस्व की तरह वसूली जाए। सेवा से बर्खास्तगी या निलंबन जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई हो, मामले की निष्पक्ष जांच एवं जांच से संबंधित समस्त प्रमाणित दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।

### दो चरणों में की गई जांच

ग्राम पंचायत खैरा में वित्तीय अनियमितता के संबंध में प्राप्त शिकायत की दो चरणों में जांच की गई है। जिला कार्यालय को कुछ बिंदुओं पर अतिरिक्त जानकारी चाहिए थी जो तैयार कर ली गई है। एक दो दिन में विस्तृत रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रेषित कर दी जाएगी।

- मानवेन्द्र कुमार सिंह
प्रभारी सहायक अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग ओडगी

## ठगी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजपुर।** ग्राम बादा निवासी प्रेम साय आ.स्व. अमर साय (62 वर्ष) ने चौकी बरियों में शिकायत दर्ज कराई थी कि 7 अप्रैल को बाइक सवार दो लोग उसके घर पहुंचे और शासकीय योजना के तहत खेत मरम्मत एवं नहर निर्माण कार्य में सब्सिडी दिलाने की बात कही। दोनों ने खेत का निरीक्षण कर मोबाइल नंबर लिया और अगले दिन जेसीबी मशीन लगाकर नहर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान एक व्यक्ति स्वयं को मुंशी और दूसरा मैनेजर बताकर काम की निगरानी करता रहा। साथ ही आरोपियों ने भरोसा दिलाया कि शासन की योजना के तहत कार्य कराया जा रहा है और टेंडर पास कराने के लिए 5 लाख 50 हजार रुपये जमा करने होंगे, जिसमें बाद में 5 लाख रुपये की छूट मिल जाएगी। किसान को नहर निर्माण का कार्य जल्दी कराना था, इसलिए वह उनके झांसे में आ गया। आरोपियों ने किसान को बरियों क्षेत्र में अपने कथित बड़े अधिकारी से मिलवाया। वहां एक आर्टिका कार में बैठे व्यक्ति ने स्वयं को अधिकारी बताते हुए सब्सिडी और टेंडर प्रक्रिया की जानकारी दी तथा रकम जमा करने को कहा। आरोपियों ने किसान को अंबिकापुर स्थित सेंट्रल बैंक ले जाकर चेक के माध्यम से 5 लाख 50 हजार रुपये निकलवा कर राशि ले लिया और रकम लेने के बाद आरोपी रसीद लाने की बात कहकर फरार हो गए। इधर दोनों का मोबाइल बंद मिला वहीं खेत में चल रहा जेसीबी कार्य भी बंद कर मशीन गायब हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा धारा 318(2), 318(4), 61(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने साइबर सेल की सहायता से आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की और एक विशेष टीम उत्तरप्रदेश के बाराबंकी जिले के फतेहपुर क्षेत्र रवाना की गई। पुलिस टीम ने फतेहपुर थाना क्षेत्र के नालापार दक्षिणी निवासी अंजूर खान (42 वर्ष), अमीन खान (45 वर्ष) एवं मंजूर खान (55 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने ठगी करने की बात कबूल की।

## नाबालिग की फोटो से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर कर रहा था अभद्र कमेंट, मेटा से जानकारी हासिल कर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग की फोटो का उपयोग कर फर्जी इंस्टाग्राम आकाउंट बनाने और सोशल मीडिया में अभद्र कमेंट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल ली है। साइबर सेल ने आरोपी की जानकारी मेटा से मंगाकर कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि नाबालिग ने 26 अप्रैल को पुलिस से शिकायत की थी कि किसी ने उसकी फोटो का उपयोग कर इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाया और फिर सोशल मीडिया में लगतार अभद्र कमेन्ट कर रहा है। इससे युवती की सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। शिकायत के बाद गांधीनगर पुलिस द्वारा मामले में इंस्टाग्राम धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 व 12 पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया और मामले की जांच की जा रही थी। विवेचना दौरान आरोपी द्वारा उपयोग की जा रही सोशल मीडिया इंस्टाग्राम अकाउंट के उपयोगकर्ता एवं विस्तृत तकनीकी जानकारी साइबर सेल अंबिकापुर से हासिल की गई। साइबर एवं मेटा कंपनी से प्राप्त डिटेल अनुसार आरोपी द्वारा उपयोग की जा रही सोशल मीडिया अकाउंट में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एवं ईमेल इत्यादि दरिमा रोड कान्तिप्रकाशपुर निवासी शिवम सिन्हा आ. नंदकेश्वर सिन्हा के नाम पर दर्ज मिला। ऐसे में पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से घटना से जुड़े फोटो एवं सोशलमीडिया अकाउंट एवं पर्याप्त साक्ष्य जब्त कर जेल भेज दिया।



















































संकलनकर्ता - संजय सोनी हरिभूमि प्रतिनिधि - राजपुर मो.- 7999833203

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं....


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अधिकृत विक्रेता
HONDA
महामाया होंडा

राजेश अग्रवाल रक्षत अग्रवाल
एम.जी.रोड, अम्बिकापुर
मो.न.- 7489025000, 7489026000, 7489027000

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ
की हार्दिक शुभकामनाएं...

सुनील बघेल
भाजपा नेता- भारतीय जनता पार्टी सरगुजा

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सेकेण्ड हैण्ड मोबाइल के भरपूर एवं अच्छे सेट उपलब्ध 4G/5G
सभी मोबाइल के डिस्प्ले (कॉम्बो) चेंज किये जाते है।
नये मोबाईल मार्केट से कम रेट पर उपलब्ध
मोबाइल के समस्त एसेसरीज उपलब्ध

अमित श्रीवास्तव
ग्लोरियस मोबाईल
ब्रम्हरोड, नियर संगम चौक, अम्बिकापुर
7000171858, 9826220558

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ
की हार्दिक शुभकामनाएं...
दिनेश ट्रेडर्स

किशन सुल्तानिया
अग्रसेन मार्ग, अम्बिकापुर मो.9425587090

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Lakshmi Narayan Hospital
HEALING MATTERS
लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल
गुदरी चौक, संगम गली, अम्बिकापुर
8305960517, 8251071106

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ
की हार्दिक शुभकामनाएं...
राईसमिल एसोसिएशन
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

bata.in
We are now a step closer to you.

Bata Shoe Store
Address: Shop no. 2, Beside Jyoti Studio, Gandhi Stadium Complex, Gandhi Chowk, Ambikapur Ph. No. 8800413893
FLOATZ by Bata | Bubble Gummers | Hush Puppies
Bata RED LABEL | Bata COMFIT | power | NORTH STAR

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ
की हार्दिक शुभकामनाएं...

विश्व विजय सिंह तोमर
अध्यक्ष
छ.ग. राज्य युवा आयोग (छ.ग. शासन)

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं....

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ की
की हार्दिक शुभकामनाएं...

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
Silver Jubilee Year



श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
कैबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं



मंजूषा भगत
महापौर
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...

25 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
Silver Jubilee Year

KARJEE FARMS

करजी फार्मस

तीन पीढ़ियों के अनुभव को लेकर किसानों के लिए हमेशा कुछ नया करने के उद्देश्य से करजी फार्म विगत 4 वर्षों से देश के 22 राज्यों में ग्राफ्टेड एवं नॉन ग्राफ्टेड नर्सरी उपलब्ध करा रहे है। इसके साथ ही किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने के लिए विगत 10,11,12 अप्रैल 2026 को संकल्प 2026 को - Crop Show & Agri Expo का आयोजन करजी फार्म द्वारा किया गया जिसमें 14 राज्यो के 18000 किसान भाईयों ने भाग लिया। इस Crop Show में 12+ फसलों की 100 से अधिक वैराइटी का लाइव डेमो लगाया गया था जिससे किसान तुलनात्मक अध्ययन कर अपनी वैरायटी का सलेक्शन कर सके। साथ ही इस कार्यक्रम में कृषि से संबंधित सभी Technology, seed: Fertilizer Pesticide, Agriculture Expert को एक छत के नीचे लाया गया ताकि किसानों की सभी समस्याओं का समाधान एक छत के नीचे मिल सके।










संचालक - वितीश गुप्ता, मानसून गुप्ता

- ग्राम करजी, सरगवां, सोहगा में 15 एकड़ में पालीहाउस 4 Fan 4 Pad Green House में नर्सरी तैयार करते है।
- भारत की पहली आधुनिक पूर्णतः वातानुकूलित ग्राफ्टिंग यूनिट भी जिसमें एक माह में 60-80 लाख नर्सरी तैयार की जाती है।
- विगत 4 वर्षों में करजी फार्म ने 50 से भी अधिक कृषक संगोष्ठी एवं खेत प्रदर्शन प्रोग्राम किए है।
- किसानों को Box Packaging पार्सल सुविधा व तकनीकी जानकारी प्रदान की जा रही है। जिससे किसान अपनी खेती में और बेहतर कर पा रहे है।

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं....


































हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25 वर्ष का विश्वास आपका साथ 25वीं वर्षगांठ

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 12 मई 2026 | अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज |

# सच, सरोकार और विश्वास के 25 वर्ष

पत्रकारिता जब अपने मूल मापदंडों सच्चाई, निष्पक्षता और जनसरोकार के मकसद से आगे बढ़ती है तो वह समाज में विश्वास का प्रतीक बन जाती है। हरिभूमि ने अपने 25 बरस के सफर में यह विश्वास अर्जित किया है। 25 वर्षों की यह गौरवशाली यात्रा इसी विश्वास, समर्पण और जिम्मेदार पत्रकारिता की सशक्त कहानी है।

स्थापना दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर हमें इस बात का गर्व है कि अपने प्रारंभिक दौर से ही संस्थान ने सटीक, निष्पक्ष और विश्वसनीय पत्रकारिता के साथ एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उद्देश्य कभी भी केवल समाचारों की भीड़ का हिस्सा बनना नहीं रहा, बल्कि गुणवत्ता, विश्वसनीयता और पाठकों के विश्वास के साथ अग्रणी स्थान प्राप्त करना रहा है। एबीसी की प्रमाणित रिपोर्ट में निरंतर उच्च प्रसार संख्या इस प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती रही है। जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 के बीच हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की प्रसार संख्या 1,32,374 रही है। वहीं राजधानी रायपुर संस्करण की प्रसार संख्या 2,33,011 है। यह केवल आंकड़ा नहीं, हरिभूमि के भरोसे पर पाठकों की मुहर है। रोहतक से शुरू हुई इस सशक्त यात्रा को पाठकों ने हर पड़ाव पर भरपूर स्नेह और समर्थन दिया। इसके बाद बिलासपुर, रायपुर, जबलपुर होते हुए भोपाल तक संस्थान का विस्तार हुआ और हर शहर में पाठकों ने इसे हाथों-हाथ लिया। यही विश्वास और अपनापन आज इसे देश के प्रमुख हिंदी समाचार पत्रों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

यह सफलता किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि संपादकीय, प्रबंधन और तकनीकी टीम के निरंतर समर्पण, अथक परिश्रम और पाठकों के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। संस्थान ने सदैव अपने पाठकों को केवल पाठक नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा माना है। उनकी भावनाओं, अपेक्षाओं और सरोकारों को समझते हुए हर खबर को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है।

स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए संस्थान ने क्षेत्रीय पहचान को सशक्त बनाया और उसे व्यापक स्तर तक पहुंचाया है। यह सिर्फ एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि समाज का दर्पण बनकर हर वर्ग की आवाज़ को मंच देने का कार्य कर रहा है। सिर्फ समाचार प्रकाशन तक सीमित न रहकर, संस्थान ने सामाजिक दायित्वों का भी सक्रिय निर्वहन किया है। विभिन्न जिलों में पौधरोपण अभियान,स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, जरूरतमंदों की सहायता, तथा समाजहित के अनेक काम इसकी पहचान बन चुके हैं। साथ ही युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने, उनकी प्रतिभा को मंच देने और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भी समय-समय पर प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जाता रहा है। बदलते दौर के साथ कदमताल करते हुए संस्थान ने डिजिटल माध्यमों को भी मजबूती से अपनाया है, जिससे नई पीढ़ी तक तेज़ और प्रभावी पहुंच सुनिश्चित हो सकी है। आने वाले समय में हमारा संकल्प है कि हम केवल अपनी उपलब्धियों को बनाए न रखें, बल्कि पत्रकारिता के नए मानदंड स्थापित करते हुए पाठकों के विश्वास को और सुदृढ़ करें। निरंतर नवाचार, निष्पक्षता और जनसेवा की भावना के साथ हम प्रगति की नई ऊँचाइयों को छूते रहेंगे। इसके लिए हमारी ताकत बनने वाले हर पाठक का आभार...।




# विकास के पथ पर अग्रसर सरगुजा

सरगुजा : छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और भिलाई जैसे शहर ही ज्यादा लाइमलाइट में रहते हैं. राज्य के ज्यादातर क्षेत्र वनांचल हैं. वो सरकारी तंत्र की पहुंच से दूर नजर आते थे.लेकिन साल 2000 में मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया गया. राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ का वो हिस्सा जो उत्तर में था, आदिवासियों की बाहुल्यता के साथ वनों से आच्छादित था.आज 24 साल बाद इस क्षेत्र की जिसे लोग सरगुजा के नाम से जानते हैं,उसकी तस्वीर बदल चुकी है. जिस जगह पर पहले लोग आने से घबराते थे,वहां आने से अब नहीं डरते.आईए जानते हैं कैसा होगा सरगुजा के लिए आने वाला कल।



## कितना बदला सरगुजा

1 नवम्बर 2000 को राज्य निर्माण के बाद सरगुजा में काफी काम हुए. प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने अजीत जोगी एक आईएएस अफसर थे. लिहाजा उनकी सरकार के तीन साल के अल्प काल में भी विकास ने गति पकड़ी. लेकिन इसके बाद हुए छत्तीसगढ़ के पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई .बीजेपी ने डॉ रमन सिंह को मुख्यमंत्री बनाया. रमन सिंह 15 साल तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे.इस दौरान कई बड़ी सौगातें सरगुजा को मिली। सबसे अहम था सरगुजा में मेडिकल सुविधाओं का विस्तार जिसके लिए सरगुजा में मेडिकल कालेज खोला गया. आज मेडिकल कालेज के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल की सुपर स्पेशलिटी सुविधा भी संभाग के लोगो को मिल रही है. हालाकी निर्माण का काम भाजपा सरकार ने शुरू कराया था और इसे पूरा कांग्रेस की सरकार में किया गया. पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने भी इस दिशा में अच्छे प्रयास किए.कैंसर की जांच के लिए हाईटेक लैब सरगुजा में स्थापित की गई। आरटीपीसीआर लैब, विश्व स्तरीय लेबोरेटरी हमर लैब सरगुजा में खोला गया. कैंसर की निशुल्क कीमोथेरेपी सरगुजा में शुरू की गई. किडनी मरीजों के लिए निशुल्क डायलिसिस की सुविधा शुरू की गई. स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरगुजा में बड़े बदलाव राज्य निर्माण के बाद हुए है. हालांकि अब भी बहुत से काम होने बचे हैं. अभी भी सरगुजा में ट्रामा सेंटर, न्यूरो सर्जन और न्यूरो फीजीशियन की सुविधा नहीं है. लेकिन तुलनात्मक बड़े बदलाव हुए हैं।

## कई कॉलेज खुले

शिक्षा के क्षेत्र में भी सरगुजा काफी आगे बढ़ चुका है. मेडिकल कालेज खुलने से यहां मेडिकल की पढ़ाई शुरू हो सकी. इसके साथ ही, सरगुजा को कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि महाविद्यालय मिला. जहां एग्रीकल्चर के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं. अनुसंधान केंद्र में कृषि वैज्ञानिक नए प्रयोग करते हैं. किसानों को उन्नत तकनीकी के बारे में बताते हैं .अब छात्रों को सरगुजा में ही एग्रीकल्चर की पढ़ाई करने का अवसर मिल रहा है.पहले जबलपुर या रायपुर के कृषि महाविद्यालय में जाकर छात्र पढ़ाई करते थे।

## रेल लाइन का हुआ विस्तार

रेल सुविधाओं में भी इजाफा हुआ, मध्यप्रदेश से जोड़ने वाली रेल लाइन पहले सूरजपुर जिले के विश्रामपुर तक ही थी उसे बढाकर अंबिकापुर तक किया गया . इस लाइन में एक मात्र ट्रेन शहडोल अंबिकापुर के अतिरिक्त, अम्बिकापुर से जबलपुर, अंबिकापुर-मनेन्द्रगढ़-अनूपपुर, अम्बिकापुर शहडोल मेमू और अम्बिकापुर से दुर्ग तक की ट्रेन शुरू हुई, इसके बाद बीते वर्ष अम्बिकापुर से देश की राजधानी दिल्ली तक ट्रेन शुरू हुई .रेल सुविधा बढ़ने से सरगुजा के व्यापार में भी परिवर्तन देखा गया. अब भी सरगुजा रेल सुविधाओं में काफी पीछे है. रेनुकूट और कोरबा तक रेल लाइन विस्तार की मांग बनी हुई है।

## बिछा सड़कों का जाल

राज्य निर्माण के बाद सरगुजा में एयरपोर्ट बनकर तैयार हो चुका है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस एयरपोर्ट का लोकार्पण भी कर दिया है. जल्द ही हवाई सेवा भी सरगुजा में शुरू हो सकेगी. हवाई सेवा शुरू होने से बड़े बदवाल सरगुजा में देखे जा सकेंगे. इसी क्रम में सड़क मार्ग भी बढ़े हैं. मध्यप्रदेश से अंबिकापुर आने के लिए फोर लेन सड़क नेशनल हाइवे बन गई. यही सड़क अम्बिकापुर से आगे निकालकर जशपुर, झारखंड के गुमला तक पहुंचती है. अंबिकापुर से राजधानी रायपुर जाने के लिए भी बेहतर सड़क बन चुकी है, इसे कटघोरा से रायपुर 4 लेन और अंबिकापुर से कटघोरा 2 लेन सड़क है।

## काम हुए लेकिन और गति चाहिए

वर्तमान में सरकार ने केन्द्रीय सड़क मंत्रालय को कटघोरा अंबिकापुर सड़क को भी 4 लेन किए जाने का प्रस्ताव भेजा है. अंबिकापुर से बनारस मार्ग का भी निर्माण हो चुका है. एक नया नेशनल हाइवे मिला है जो अंबिकापुर से बलरामपुर जिला होते हुए झारखंड को जोड़ेगा. इस सड़क का टेंडर हो चुका है. जल्द ही काम भी शुरू हो जाएगा. काम कई क्षेत्र में हुए हैं. लेकिन इनकी गति और तेज होनी चाहिए. शहर और गांव को जोड़ने वाली सड़कों की भी स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत है।


















# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं....
























# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...



CA एच.एस.जायसवाल
अम्बिकापुर

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...



धीरेन्द्र सिंह
डिप्टी रेंजर
महाबीरपुर क्षेत्र

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...



निरूपा सिंह
अध्यक्ष
जिला पंचायत सरगुजा

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...



एस.पी.जायसवाल
संरक्षक

सचिदानन्द पाण्डेय
संरक्षक

मुकुन्दलाल साहू
अध्यक्ष



माधुरी जायसवाल
कार्यकारी अध्यक्ष

आशा पाण्डेय
उपाध्यक्ष

पूनम दुबे वीणा
वरिष्ठ साहित्यकार एवं गीतकार

मंशा शुक्ला
वरिष्ठ कवयित्री

अंजू पाण्डेय
कवयित्री

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...




सरगवां द पैलेस रिसॉर्ट
विदेश्वर शरण सिंहदेव (विक्की बाबा)
राजा यूएस सिंहदेव मार्ग, सरगवां अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री महावीर हॉस्पिटल
Shri Mahavir Hospital
Care that heals
CIPACA
(70 BEDEB) MULTISPECIALITY HOSPITAL

इमरजेंसी एवं क्रिटिकल मेडिकल कंडीशन के लिए
आधुनिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल




- सभी फ्रैक्चर एवं जोड़ संबंधित रोग
- जनरल एवं लोप्रोस्कोपिक सर्जरी
- क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा सेंटर
- MCU एवं एक्सीटेंटल केयर
- जनरल मेडिसिन प्रसूति एवं स्त्री रोग

साईं मंदिर के पास, गांधीनगर, बनारस रोड, अम्बिकापुर
मो. 6263080332, 9826437783, 8319212810

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं...



माँ महामाया
सहकारी शक्कर कारखाना
केरता, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं....
















